भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1895 का उत्तर

जाजपुर रोड-धामरा-बिराजक्षेत्र रेल लिंक परियोजना

1895. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

जाजपुर रोड और धामरा-बिराजक्षेत्र रेल लिंक परियोजना की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा कैबिनेट के निर्णायक अनुमोदन की तिथि क्या है और इसके पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

जाजपुर-धामरा नई लाइन (101 कि.मी.) का सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जा चुका है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने के बाद, परियोजना की स्वीकृति के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन अर्थात् नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि से मूल्यांकन अपेक्षित होता है। चूंकि परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए सटीक समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

इसके अलावा, किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रत्याशित यातायात पूर्वानुमानों और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का विस्तार

- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई मांगें
- रेलवे की परिचालनिक आवश्यकताएँ
- सामाजिक-आर्थिक महत्व
- निधियों की समग्र उपलब्धता।

****